तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

11 नेशनल हाईवे 130-सी में मवेशियों का जमावड़ा बना...

12 सिंचाई संकट को लेकर बेलर में किसानों का फूटा गुस्सा...


छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# राजस्व-वन विभाग की खींचतान में आवास योजना अटकी, अधिकारी बोले- करना होगा मद परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत 2008 में बना है तब से नगर के 3 वार्डों में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2, 3 और 4 में राजस्व भूमि, बड़े पेड़ के जंगल है जिनका अब तक आबादी में परिवर्तन नहीं हो पाया है इसकी वजह से ही लोगों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि सभी लोग यहां के मतदाता है और सभी को राशन, बिजली पानी दी जा रही है। लेकिन आवास नहीं मिल पा रही है। इसकी वजह से सैकड़ों की संख्या में लोग अपने आवास के लिए प्रतीक्षा में है और एक बार भी सुशासन तिहार में सबसे अधिक 245 आवास योजना का आवेदन इन्हीं वार्डों से प्राप्त हुआ है और उन्हें उम्मीद है कि विष्णु देव की सरकार में शासन में निश्चित रूप से उनके साथ न्याय होगा? आज भी कच्चे मकान या खुले आसमान के नीचे तंबू लगाकर रहने को विवश हैं। इसका मुख्य वजह है कि संपन्न व पक्का मकान वाले इस योजना का लाभ उठा ले रहें हैं। छुरा में पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल है। गरीब परिवार सर्दी, गर्मी, बरसात सभी मौसम में किसी तरह छप्पर या प्लास्टिक लगा कर गुजर-बसर कर रहे हैं। नगर वार्ड क्रमांक 02, 03 ,04 के लगभग सैकड़ो परिवार छप्पर या प्लास्टिक डालकर गुजर बसर कर रहे हैं। परिवार के पालन पोषण के लिए मजदूरी ही सहारा है। उसमें आवास बनवाने की बात सोच पाना ⏭ शेष पेज 10 पर

## आवास योजना में बाधा बना विभागीय विवाद, हितग्राही उम्मीद लगाए बैठे हैं

### मद परिवर्तन करने की जरुरत

लाल सिंह मरकाम मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने कहा की नगर पंचायत की सीमा में राजस्व विभाग और जंगल के जमीन होने के कारण से इन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन भूमि को मद परिवर्तन कर आबादी भूमि एवं अन्य मदों में परिवर्तन की आवश्यकता है जिसके लिए 2022 एवं कुछ दिन पूर्व ही परिवर्तन के लिए मांग की गई है।




**मद परिवर्तन करने का अधिकार कलेक्टर को-** रमेश मेहता तहसीलदार ने कहा की मद परिवर्तन कलेक्टर के द्वारा किया जाता है। स्थानीय निकाय को उक्त भूमि किस मद में आवश्यकता है उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### सीएचसी में सोनोग्राफी सुविधा की हुई शुरुआत मरीजों को मिलेगी राहत

**नवापारा-राजिम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहुप्रतीक्षित सोनोग्राफी सुविधा का गुरूवार को शुभारंभ हो गया। विधायक इंद्रकुमार साहू के विशेष प्रयास से यह हुआ है। शुभारंभ अवसर पर डॉ. रश्मि भांडगे द्वारा गर्भवती मरीजों की सोनोग्राफी किया गया। अब महीने के 9, 15 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी किया जाना यहां सुनिश्चित किया गया है। सोनोग्राफी सुविधा के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू का भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने आभार व्यक्त किया है। सोनोग्राफी शुभारंभ अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा. उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जीवन दीप दीप समिति के सदस्य मुकुंद मेश्राम, डॉ. लीलाराम साहू, सचिन सचदेव, जनप्रतिनिधि गण धीरज साहू, धनमती साहू, चिंटू तराने सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव का वार्षिक अधिवेशन 27 को




**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव का कर्मा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन तथा सम्मान समारोह 27 अप्रैल को मानस भवन प्रांगण गुण्डरदेही में मनाने के लिए निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी परिक्षेत्र जामगांव अध्यक्ष मनोहर साहू ने दी। उन्होंने आगे कहा की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि नारायण साहू जी जिला साहू संघ गरियाबंद उपस्थित होंगे। जिन्होंने कहा की डोंगेश्वर धाम बोरिद में कर्मा माता मंदिर निर्माण में आर्थिक रुप से सहयोग प्रदान करने वाले दानवीर का सम्मान किया जावेगा।

### डीजे ऑपरेटर से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** डीजे वाहन से टकराकर बिजली खंभा गिरने के बाद हुए विवाद में चार लोगों ने डीजे ऑपरेटर के साथ मारपीट कर दी। प्रार्थी व डीजे ऑपरेटर भागीरथी दास निवासी रेमड़ा ने बसना पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को वह बानीपाली से एम डीजे वाहन 407 से लेकर सेमलिया से होकर जा रहा था। ग्राम सेमलिया की गली में लगे बिजलीतार से वाहन का ऊपरी हिस्से से तार टकराने करने के बाद फंस गया और बिजली का खंभा गाड़ी के ऊपर गिर गया। इसी दौरान ग्राम सेमलिया के शैलेश साहू, समीर साहू, विराट साहू और अरविंद और गाली गलौज कर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आए हेमंत साहू के साथ भी गाली गलौच कर मारपीट की गई। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

## विडंबना : रिसॉर्ट से एसी, फ्रिज, टीवी, सोफा, कमोड, वॉश बेसिन दरवाजा व खिड़की गायब

# करोड़ों की लागत से बना पुन्नी रिसॉर्ट हुआ खंडहर, पर्यटन विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम में करोड़ो रूपए की लागत से पुन्नी रिसॉर्ट बनाया गया लेकिन इस पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। परिणाम यह है कि करोड़ों की लागत से बने भवन खंडहर में तब्दील हो रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यटन स्थलों में सैलानियों को रुकने एवं खानपान की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मोटल एवं रिजॉर्ट का निर्माण कराया गया था। राजिम में भी सर्वसुविधायुक्त पुन्नी रिसॉर्ट का निर्माण वर्ष 2011 में तत्कालीन धर्मस्व न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रयास से हुआ था। 12 एकड़ में फैले रिसॉर्ट राजिम फिंगेश्वर मुख्य मार्ग पर दो मंजिला इमारत, हाल, किचन, कमरे के साथ भव्य लॉन जिस पर घास लगाई गई थी। टीवी, सोफे, बैड, डाइनिंग, एसी एवं अन्य सुविधाओं से यह रिसार्ट सुसज्जित था। शुरूआती समय में यह मोटेल राजिम की शान हुआ करतीं थी। जहां नगर के लोगों द्वारा शादी पार्टी एवं अन्य आयोजन करना बहुत ही प्रतिष्ठापूर्ण माना जाता था। राजिम मेला एवं अन्य बड़े आयोजनों के समय राजिम पुन्नी रिसॉर्ट में व्हीव्हीआईपी गेस्ट को ठहराने की व्यवस्था की जाती थी। फिर बाद के कुछ वर्षों में पुन्नी रिसॉर्ट को निजी हाथों में सौप दिया गया था। फिर भी मोटेल में खानपान की व्यवस्था एवं बाहर से आए आगंतुकों के लिए रुकने के लिए सबसे पहली पसंद हुआ करती थी। करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया पुन्नी रिसॉर्ट पर पर्यटन मंडल एवं जिम्मेदार लोगों ने बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। राजिम की शान कहलाने वाला पुन्नी रिजॉर्ट अब भी ध्यान नहीं दिया गया तो खंडहर में तब्दील हो जायेगा। इस संबंध में पर्यटन विभाग के अफसरों से संपर्क किया गया लेकिन संबंधित अफसरों से बात नहीं हो पाई।





### जीर्णोद्धार कर अस्तित्व बचाया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि बदहाल हो चुके पुन्नी रिसॉर्ट का जीर्णोद्धार कर अस्तित्व में लाया जाएगा। कहा कि विधायक रोहित साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजिम के बंद पड़े शासकीय भवन पुन्नी रिसॉर्ट को पुनः उपयोगी बनाया जाएगा। पर्यटन विभाग के आला अधिकारियों से बात कर पुन्नी रिसॉर्ट को अपने पुराने वैभव में लाने का काम किया जाएगा। प्रयास यह भी है कि पुन्नी रिसॉर्ट को नगर पंचायत राजिम के अधीन लिए जाने की प्रयास किए जाएंगे। जिससे रिसॉर्ट का सही देखरेख एवं संचालन के साथ ही राजिम के लोगों को सुविधा मिल सके। श्री यादव ने कहा कि राजिम नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### नपा अध्यक्ष ने पुन्नी रिसॉर्ट का किया निरीक्षण

राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने पार्षदों एवं नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ पुन्नी रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि पुन्नी रिसॉर्ट का केवल ढांचा साबुत स्थिति में है। रिजॉर्ट में पर्यटकों के लिए लगाए गए एसी, टीवी, फ्रिज, सोफे, खिड़की, दरवाजे यहां तक कि बिजली के बोर्ड एवं वायर भी गायब है। लॉन पर बिछाए घास का नामों निशान नहीं है। पूरे रिजॉर्ट भवन में टूटी खिड़की के कांच के टुकड़े बिखरे हुए है। टॉयलेट में कमोड एवं वॉश बेसिन भी नहीं है। 12 एकड़ क्षेत्र में फैले पुन्नी रिसॉर्ट पर कंटीली झाड़ियां ऊग आई है। रात के समय चोरो एवं बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। क्योंकि यह सुनसान जगह में बना हुआ है। उचित देखरेख के अभाव में पूरा रिजॉर्ट बदहाल है। मालूम हो कि महेश यादव के अध्यक्ष बनने के बाद से राजिम में उपलब्ध बंद पड़े संसाधनों एवं भवनों के प्रति ध्यान दिया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व राजिम वीआईपी रोड स्थित पर्यटन सूचना केंद्र में अनुविभागीय अधिकारी के साथ दबिश देकर बंद पड़े टीआईसी सहकैफेटेरिया को चालू कराया था। अब पुन्नी रिसॉर्ट की सुध लेकर बंद पड़े रिसॉर्ट को राजिम के लोगों के लिए खुलवाने की तैयारी शुरू कर दी है। राजिम नगर में अध्यक्ष महेश यादव की इस मुहिम की प्रशंसा हो रही है। पुन्नी रिसॉर्ट के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़, पार्षद बलराम यादव, आकाश राजपूत, तुषार कदम, कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, सुरेश पटेल, अजय पटेल, इंजीनियर नितेश भंवर मौजूद थे।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह फूटा दो बैटरी और वाहन बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना मैनपुर पुलिस ने बैटरी चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उड़ीसा राज्य के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो बैटरियां और घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन भी जब्त किया गया है। मामला दिनांक 23 अप्रैल को सामने आया, जब ग्राम अमलोर के आंगनबाड़ी केंद्र में रखी दो नग बैटरी चोरी हो गई थी। प्राथएं द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे कुछ अज्ञात लोग छोटा हाथी वाहन (क्रमांक ओडी 26 ई –8231) से पहुंचे और आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर वहां रखी बैटरियां चोरी कर ले गए पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 331(3), 305, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मुखबिर की सूचना पर थाना मैनपुर की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर चारों आरोपियों शान बाबू, गुनिया भुंजिया, बसंती भुंजिया और रूखमणी भुंजिया, सभी निवासी सुरजा नगर, नुआपाड़ा (उड़ीसा) को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में सभी आरोपियों ने बैटरी चोरी करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से 2 नग बैटरी 12,000 रुपए और एक छोटा हाथी वाहन कीमत 2.5 लाख रुपए बरामद किया गया। कुल बरामदगी 2.62 लाख रुपए आंकी गई है। इस सफल कार्रवाई में थाना मैनपुर के प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा, उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल समेत पुलिस टीम के अन्य जवानों—प्रआर. चुड़ामणी देवता, प्रआर. प्रहलाद थानापति, आरक्षक कोमल धृतलहरे, प्रवीण वर्मा, मोतीलाल भुआर्य, अमरजीत कुर्रे, यादराम पटेल, मआर. धनेश्वरी साहू एवं मआर. 531 की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मैनपुर थाना पुलिस की इस तत्परता को लेकर क्षेत्रवासियों ने भी सराहना की है।



### बिजली तार की चपेट में आने से मवेशी सहित एक बकरी की मौत

**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर राजापडाव क्षेत्र के जरहीडीह के जंगल में गुरुवार को सुबह लगभग 10 बजे के आसपास बिजली तार कनेक्शन के चपेट में आने से एक मवेशी एक बकरी और एक गिलहरी की मौत हो गई है। गनीमत है कि कोई भी ग्रामीण करंट के चपेट में नहीं आया। नहीं तो गंभीर घटना घट सकती थी। ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग को सूचनार्थ कर दिया गया है।

## थाना भ्रमण में बच्चों ने सीखी कानून व्यवस्था की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/छुरा

थाना छुरा में गुरुवार को एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली और उनकी दैनिक जिम्मेदारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। थाने पहुंचने पर बच्चों ने थाना परिसर के विभिन्न कक्षों जैसे मोहर्रिर कक्ष, विवेचक कक्ष, मालखाना, महिला एवं बाल कक्ष, सशस्त्र कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष और थाना प्रभारी कार्यालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने बच्चों को पुलिस की कार्यशैली, रोजाना की ड्यूटी, फआइआर



दर्ज करने की प्रक्रिया तथा पुलिस पदक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को 'गुड टच-बेड टच', साइबर अपराधों से बचाव और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि पुलिस केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था ही नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है।छात्रों को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में वे निडर होकर पुलिस से संपर्क करें और पुलिस पर विश्वास बनाए रखें। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं और उनमें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाती हैं।

## ग्रामीणों ने बाजे-गाजे के साथ किया रवाना

# लिकेश और हितेश का सेना में चयन, बेंगलौर में ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जेंजरा के लिकेश साहू और राजिम के हितेश यादव गुरूवार को अग्निवीर में ट्रेनिंग के लिए बेंगलौर रवाना हो गए। लिकेश उम्र 19 साल अपने माता-पिता रूखमणी-प्रमोद साहू उपसरपंच ग्रामपंचायत जेंजरा के बड़े सुपुत्र है। इनका छोटा भाई हर्ष है जो अभी 11वीं का छात्र है। बताया गया कि बड़े बेटे लिकेश में देश सेवा की भावना शुरू से रही है। इतने छोटे उम्र में वे गांव और अपने दोस्तो के बीच एक ही बात कहते थे पहला राष्ट्र है उसके बाद गांव, समाज, राष्ट्र मजबूत होगा तो सारी चीजें मजबूत होंगी। राष्ट्र से बड़ा कोई नहीं होता। देशप्रेम की भावना हरेक युवाओं में होनी चाहिए। गुरूवार को उन्हें जब गांव से रवाना किया गया तो माता-पिता सहित गांव के लोग बाजे-गाजे के साथ ⏭ शेष पेज 10 पर




### पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की

हितेश ने स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने के लिए दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं अन्य खेल मापदंड के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। देश सेवा की भावना से प्रेरित हितेश ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल किया है। हितेश यादव के अग्निवीर में तैयारी के दौरान पिता अशोक यादव एवं माता अहिल्या यादव, दो बहनों एवं परिवार के सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग एवं उत्साहवर्धन किया है। हितेश यादव राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं अश्वनी यादव के भतीजे है। हितेश एवं लिकेश के अग्निवीर में चयन होने पर विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय नगर पंचायत राजिम के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद बलराम यादव, आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, सुरेश पटेल, तुषार कदम, नरोत्तम जुगू राजपूत, सोमनाथ पटेल, पुरन यादव सहित हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

## पंचायत सेम्हरतरा में अटल डिजिटल केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम पंचायत सेम्हरतरा में पंचायती राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र सरकार की एक जन-कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सरल बनाना है। इस योजना से आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सुलभ रूप से उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी-ओंकार साहू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेखर साहू,जितेंद्र साहू जनपद सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। मालूम हो कि गरियाबंद जिले के नव नियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने अपने पदभार ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना में दिखाई रुचि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को मुंबई में शाल्वी हॉस्पिटल्स के निदेशक शनाए विक्रम शाह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नवा रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को लेकर रुचि जताई। शाल्वी हॉस्पिटल्स की शुरुआत एक 6 बिस्तरों वाले अस्पताल से हुई थी, जो आज 8 राज्यों के 13 शहरों में फैले 16 अस्पतालों के एक विश्वसनीय हेल्थकेयर नेटवर्क में तब्दील हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनका समूह छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे निवेश और अधोसंरचना विकास की जानकारी साझा की और शाल्वी ग्रुप की पहल का स्वागत किया।

### सभापति ने भामाशाह वार्ड का किया भ्रमण

**रायपुर।** सभापति सूर्यकान्त राठौर ने बुधवार को दानवीर भामाशाह वार्ड के खालबाड़ा, कुंदरापारा सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 के अधिकारियों को जलभराव की समस्या दूर करने चेंबरों की की सफाई कर नाले को डायवर्ट करने निर्देश दिये। , इसके साथ ही गुढ़ियारी क्षेत्र की शशिबाला कन्या शाला में विकास कार्यों की प्रगति का उन्होंने जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रुस्तम कुर्रे, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे,कार्यपालन अभियंता पी.डी. धृतलहरे,जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया उपस्थित रहे।

### शहीद अरुण केशव सप्रे को किया नमन

**रायपुर।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट और रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे को उनकी जयन्ती अवसर याद किया गया। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से इस मौके पर गांधी सदन में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निगम सभापति सूर्यकान्त राठौर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, शहीद अरुण केशव सप्रे की धर्मपत्नी मीना ताई सप्रे, सुपुत्र मुनेश सप्रे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा,अंशुल शर्मा जूनियर, उप अभियंता अर्जिता दीवान, कर्मचारी श्रीमती श्वेता शिंदे सहित नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप का पुनर्गठन

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग के 60 सदस्यीय सोशल एक्टीविटी ग्रुप के पुर्नगठन पश्चात इस श्रृंखला की प्रथम बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन में गतिशीलता और आपसी मेल मिलाप हेतु

# गर्मी के टार्चर से बीमार होने लगे लोग, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 'लू' के केवल दस मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश भारी गर्मी की चपेट में आ गया है। गर्मी के प्रभाव से लोग बीमार होने लगे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अप्रैल में लू के मरीजों की संख्या केवल दस है। संबंधित केस जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित है, शेष जिलों में हीट-स्ट्रोक का प्रकरण शून्य है। अस्पतालों में गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन, कमजोरी, बुखार की शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं, मगर विभाग उन्हें लू का मामला नहीं मान रहा है।

रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग में पिछले चार दिनों से पड़ रही भारी गर्मी की वजह से लोग हलाकान हो गये हैं। भारी गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर होने लगा है और सीधे धूप के प्रभाव में होने की वजह से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डा. योगेन्द्र मल्होत्रा के मुतााबिक गर्मी की वजह लोग डिहाईड्रेड होने लगे हैं। इसके साथ ही कई को बुखार और कमजोरी होने के साथ पेट खराब होने की शिकायत भी हो रही है। लक्षण के आधार पर उनका इलाज किया जा रहा है, मगर किसी को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं हुई है। तेज धूप की वजह से दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच गर्म हवा के संपर्क में आने से लोग बीमार हो रहे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार हीट-स्ट्रोक के मामले अभी अस्पतालों तक नहीं पहुंचे हैं। जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के पास अप्रैल के महीने में लू के केवल 10 मामले दर्ज हुए हैं, जो बलौदाबाजार और जांजगीर जिले से संबंधित हैं। तर्क दिया जा रहा है कि लू लगने के चांस खुले क्षेत्रों में अधिक होते हैं। पेड़-पौधे, भवन सहित अन्य अवरोधों की वजह से जहां धूप का सीधा असर नहीं होता, वहां हीट-स्ट्रोक के मामले कम ही सामने आते हैं।

हरिभूमि सरोकार

## जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित मामले, रायपुर-बिलासपुर में आंकड़े शून्य

### लू वार्ड पर लाखों खर्च

अप्रैल बीतने में सप्ताहभर शेष है, मगर रायपुर समेत उन जिलों में लू के एक भी मामले सामने नहीं आए हैं, जहां भारी गर्मी पड़ रही है। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू वार्ड के नाम पर लाखों रुपये जरूर खर्च कर लिया गया है। पहली बार जिला अस्पतालों में बनाये गए लू वार्ड में बॉथ टब के साथ बर्फ जमाने की मशीन रखी गई है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किया गया है। अफसरों का तर्क है कि गर्मी के लिए अभी मई और जून का महीना बाकी है। इस दौरान केस बढ़ने की संभावना है।



**मई-जून में ज्यादा मामले**

अप्रैल में लू के केवल दस मामले सामने आये हैं। गर्मी कुछ दिनों से अपना असर दिखा रही है। हीट-स्ट्रोक की आशंका मई और जून के महीने में अधिक होती है। उस दौरान मामले सामने आने की संभावना है।

*- डा. स्मृति देवांगन, राज्य नोडल अफसर जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य*

### विभागीय अलर्ट मार्च में ही जारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्च के महीने में ही लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। आम लोगों को इससे बचाव के तरीके बताने के साथ अस्पताल स्तर पर भी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए थे। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आने वाले मरीजों के लिए ओआरएस कार्नर बनाने के साथ फ्लूड और अन्य दवा रखने के निर्देश दिये गए थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब तक रायपुर जिले में लू का एक भी मामले सामने नहीं आया है। आंकड़ा शून्य होने पर विभागीय अपडेट नहीं होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

# 8 साल में किसी की पहली-दूसरी, तो किसी की तीसरी-चौथी किस्त अटकी, 784 आवास अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे परिवारों के लिए लाई गई है, जिसके पास पक्का मकान नहीं है। ऐसे परिवार पक्के मकान बना सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की जाती है। यह राशि सबसे पहले तीन किस्त में दी जाती थी, जिसे बाद में चार किस्त किया गया था। अब इसे दोबारा तीन किस्त किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 से लेकर 2023 के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत 29480 आवास बनाने के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 28696 पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। इस तरह पूर्ण और अपूर्ण आवासों में ऐसे सैकड़ों-हजारों हितग्राही हैं जिसमें किसी की पहली किस्त, तो किसी की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्त जारी नहीं हो पाई है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो जिन्हें किस्त जारी नहीं हुई है, उनमें बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राही हैं, जो स्वीकृति के बाद आवास बनाना शुरू नहीं कर पाए या फिर पहली, दूसरी व तीसरी किस्त की राशि मिलने के बाद उसका इस्तेमाल आवास निर्माण में नहीं कर और कहीं और खर्च कर दिए हैं।




**अंतर्गत जिले में 2016 से 2023 तक 29480 आवास स्वीकृत, इनमें 28696 पूर्ण**

### स्वीकृत आवासों में चौथी किस्त एक भी जारी नहीं

पिछले वर्ष स्वीकृत आवासों में पहली किस्त के रूप में 32033 आवास, दूसरी किस्त 22414 आवास, तीसरी किस्त 7775 आवास के लिए जारी किया गया है, वहीं चौथी किस्त एक भी आवास के लिए जारी नहीं की गई है।

हरिभूमि सरोकार

### एक नजर में समझें

| 2016-2023 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
|---|---|---|---|---|---|
| अभनपुर | 7480 | 7468 | 7362 | 7280 | 5560 |
| आरंग | 11005 | 10988 | 10928 | 10856 | 4569 |
| धरसींवा | 7391 | 7378 | 7295 | 7234 | 3655 |
| रायपुर ग्रामीण | 708 | 707 | 689 | 673 | 332 |
| बलौदाबाजार | 2896 | 2891 | 2867 | 2858 | 1603 |
| 2024-25 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
| | 9436 | 9115 | 6529 | 2805 | 0 |
| | 12675 | 12136 | 8204 | 2283 | 0 |
| | 8336 | 7531 | 5330 | 2104 | 0 |
| | 761 | 670 | 329 | 49 | 0 |
| | 2875 | 2581 | 2022 | 534 | 0 |

### आरंग क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवास पूर्ण, सबसे कम रायपुर ग्रामीण में

आकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत वर्ष 2016 से लेकर 2023 अवधि के दौरान रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं बलौदाबाजार के लिए कुल 29480 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। इसमें सबसे ज्यादा स्वीकृति आरंग क्षेत्र के लिए 11005 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी। इसके एवज में इस ब्लॉक में 10804 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह 98.17 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसी प्रकार अभनपुर क्षेत्र में कुल 7480 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 7214 पूर्ण हो चुके हैं। इसका प्रतिशत 96.44 है। धरसींवा क्षेत्र में 7391 स्वीकृत आवास की तुलना में 7188 पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 97.25 है। बलौदाबाजार क्षेत्र में स्वीकृत 2896 आवास की तुलना में 2830 पूर्ण हो चुके हैं, जिसका प्रतिशत 97.72 है। सबसे कम आवास 708 रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्वीकृत हुए थे। इसके एवज में 660 आवास पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 93.22 है।

### 14727 किस्त जारी नहीं, इसमें पहली से चौथी किस्त शामिल

योजना के तहत आवास के निर्माण की स्थिति को देखते हुए हितग्राहियों को किस्त जारी की जाती है। वर्ष 2016 से 2023 के दौरान 48 आवास के लिए पहली किस्त जारी नहीं किया गया। इसी प्रकार दूसरी किस्त में 339 आवास, तीसरी किस्त में 579 आवास तथा चौथी किस्त में 13761 आवास के लिए जारी नहीं किया गया।

### पिछले एक साल में स्वीकृत आवासों में 28 प्रतिशत ही पूर्ण

इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अभनपुर, आरंग, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए कुल 34082 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। इसके एवज में अब तक मात्र 11227 आवास ही पूर्ण हुए हैं, वहीं 22856 आवास अभी अपूर्ण हैं। इस तरह 28 प्रतिशत आवास ही पूर्ण हुए हैं।

### किस्त लेने के बाद आवास नहीं बनाए उनसे वसूली की प्रकिया जारी

इस योजना के तहत 2016 से 2023 के दौरान 28696 आवास पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। अलग-अलग कारण से कई आवासों की किस्त जारी नहीं की गई हैं। इसमें कई हितग्राही किस्त की राशि लेने के बाद आवास का निर्माण कार्य नहीं कराये है। ऐसे हितग्राहियों से वसूली की प्रक्रिया जारी है।

- **कुमार बिश्वरंजन**, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

# भीषण गर्मी के कारण आसमान से बरस रही आग लोगों की बढ़ी बेचैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अप्रैल माह का आखिरी सप्ताह चल रही है, और हालात अभी से हाड़ तोड़ बन रहें हैं। तेज गर्मी से बचने के लिए लोग अपने तौर पर उपाय कर रहे हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ो से पूरा क्षेत्र सहित अंचल झुलस रहा है। अप्रैल माह के दिनों में आग बरसती तेज धूप और भट्टी की तरह तपती गर्म हवा के असर से हर कोई हलाकान हो गया है। और लोग अभी से ही बैचैनी महसूस करने लगे हैं। दुकानदारों ने इस बैचैनी से बचने के लिए अपने दुकानों पर खस की पट्टी व हरे रंग के पर्दे आसमान में अपनी दुकानों के बाहर लगाए हुए हैं जिसे धूप से थोड़ी बहुत राहत ग्राहकों को भी मिल सकें। दोपहर में बहुत से दुकानदार अपनी दुकानों का आधा शटर गिराकर रखते हैं। गर्मी का आलम यह है कि पंखे से गर्म हवा निकल रही है, तो कूलर भी मुश्किल से काम कर रहे हैं। भरी गर्मी में बिजली की खपत बहुत अधिक बढ़ चुकी है। वहीं लो वोल्टेज और बिजली कटौती की भी समस्या व्याप्त है। लोगों को दिनभर में अधिक से अधिक पानी पीने और खाली पेट नहीं रहने की सलाह चिकित्सकों ने दी है। पड रही तेज गर्मी को देखते हुए शिक्षक विभाग ने सभी स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। बीते सप्ताह बारिश होने पर सूरज थोड़ा नरम था, लेकिन अब फिर से अपने तेवर उग्र कर दिए हैं। देशभर में भीषण गर्मी कहर बरफा रही हैं। रसेला क्षेत्र भी भीषण गर्मी से अछूता नहीं है। सुबह नौ बजे के बाद से ही आसमान से आग बरस रही है, ऐसा है कि घर में न तो ऐसी काम कर रहा है और न ही कूलर। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह तरह के उपाये खोज रहे हैं।

# भीषण गर्मी में राहत दे रहा प्याऊ घर, बुझा रहा राहगीरों की प्यास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम द्वारा संचालित शुद्ध पेयजल प्याऊ में प्रतिदिन सैकड़ो लोग ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। आज दोपहर 1 बजे नगर पंचायत राजिम के सब इंजीनियर नीतेश कंवर, पवन धृतलहरे के साथ प्याऊ घर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा कुछ देर लोगों को पानी भी पिलाया। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,पार्षद बलराम यादव, युवा नेता ओमन चौहान भी शुद्ध पेयजल पीने के लिए कतार में खड़े थे। राहगीरों के लिए नगर पंचायत राजिम के द्वारा पानी पीने के लिए प्यास बुझाने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है जहां पर 8-10 मटकी में ठंडा पानी भरा रहता है लोग प्यास बुझा कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के लिए नगर पंचायत के प्रति आभार व्यक्त भी कर रहे हैं।

# समान्य सभा की बैठक में उठा पेय जल का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ, बैठक का शुभारंभ परिचय के साथ हुआ सभी जनपद सदस्य एवं अधिकारियों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया और फिर समीक्षा किया गया,जिसमें सबसे ज्यादा जल जीवन मिशन, विभिन्न विभागों के कार्यों के जानकारी ले एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण की मांग की, सभी सदस्यों ने जल जीवन मिशन की शिकायत करते हुए कहा कि सभी गांव में जल जीवन मिशन के काम अधूरे पड़े हैं कुछ ही जगह पर पूर्ण है एवं जहां पूर्ण है वहां भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने तो अधिकारियों के ऊपर कोई गंभीर आरोप लगाया है कि अधिकारियों के लापरवाही की वजह से जल जीवन मिशन अधूरा है और लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, इसी तरह आवास योजना की जानकारी लेते हुए सभी ने बरसात तक आवास पूर्ण करने की बात कही,कुछ सदस्यों द्वारा वन विभाग के कामों में मशीनों का उपयोग किए जाने की भी शिकायत की जिस पर वन अधिकारी पांडुका संतोष चौहान ने कहा कि अभी तक इस प्रकार नहीं किया गया है किंतु वर्तमान में मजदूरों के अभाव एवं सरकार के समय सीमा में कार्य करने हेतु बरसात के पूर्व कार्य करना पड़ता है जिसके लिए एवं अन्य कार्यों में किया जाता है किंतु अभी तक नहीं किया गया है। इसी तरह जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने ग्राम कोरासी में अधूरे आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी ली और उसे पूर्ण करने की मांग की साथ ही साथ ग्राम रानीपरतेवा में आयुर्वेदिक औषधालय के भवन का कई महीनो से अधूरे होने की जानकारी मिली है जिस पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर के ने कहा कि ठेकेदार द्वारा अधूरा काम छोड़ दिया गया है नई ठेका पर कार्य प्रारंभ होगा, ईसी प्रकार मनरेगा योजना एवं अन्य योजना की जानकारी ली ,नए सदस्यों ने अधिकारियों से शासन के योजना की जानकारी ली ,एवम बाकी विभाग का आगामी बैठक में समीक्षाका निर्णय लिया गया है, इस अवसर पर ,अवध राम साहू, कंचन देवांगन ,दुलारी बाई साहू,युवराज साहू, महेंद्र कुमार ध्रुव, उत्तरा बाई पटेल भेशमती साहू, विष्णु राम नागेश ,संतोषी ध्रुव, नारायण सिंहा, मुंगेश्वरी ठाकुर, पार्वती ध्रुव, मिलनतींन कुंजाम,सुखराम ठाकुर, विमला नागेश ,लछन नेताम,पुष्प लता सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

## राजिम निवासी थवानी पहले अटेम्प्ट में 0.33 नम्बर से चुका था प्री

# यूपीएससी परीक्षा में 273वीं रैंक हासिल करने वाले अंकित व माता -पिता का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024 में राजिम के रहने वाले अंकित थवानी ने 273वीं रैंक हासिल कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से उन्होंने अपने परिवार सहित जिले का भी नाम रौशन किया है। लगातार मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले अंकित ने अपने छठवे और अंतिम प्रयास में यह सफलता हासिल की है। अंकित अपने पहले प्रयास में 0.33 नम्बर से प्रारंभिक परीक्षा पास करने से चूक गये थे। फिर भी निष्ठा और लगन से तैयारी जारी रखते हुए यूपीएससी की परीक्षा पास की। उन्होंने अपनी सफलता के पीछे खुद की कड़ी मेहनत और परिवार के सहयोग को कारण बताया। अंकित की सफलता पर कलेक्टर श्री भगवान सिह उइके ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें कलेक्ट्रट सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर अंकित एवं उनके माता-पिता को स्मृति चिन्ह सहित शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने अंकित एवं उनके माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। अंकित की सफलता से यहां के युवाओं को भी यूपीएससी जैसे राष्ट्रीय स्तर के बड़े परीक्षा की तैयारी करने में प्रेरणा मिलेगी। साथ ही अधिक संख्या में युवा प्रोत्साहित होंगे।

### 6-8 घंटे की पढ़ाई ने दिलाई सफलता

अंकित थवानी ने अपने सफलता के पीछे प्रतिदिन की दिनचर्या को भी महत्वपूर्ण कारण बताया। अंग्रेजी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले अंकित ने कक्षा 7वीं तक हिन्दी माध्यम में पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन 6-8 घंटे रात में पढ़ाई करते थे। यूपीएससी की परीक्षा में उत्तर लेखन प्रैक्टिस की बहुत जरूरत पड़ती है। उन्होंने इसके लिए दिन में उत्तर लेखन, समाचार पत्र एवं सामान्य अध्ययन का रीविजन कार्य किया। साथ ही ऑनलाईन टेस्ट सिरीज भी नियमित रूप से दिलाई उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों में भी खुद को शामिल करते थे। शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम, वाकिंग एवं साइकिलिंग को भी अपने रूटिंग में शामिल किया। अंकित ने बताया कि सही दिशा में नियमित रूप से पढ़ाई करते रहने से कोई भी विद्यार्थी यूपीएससी जैसे बड़े परीक्षा में भी सफलता हासिल कर सकते हैं।

### दिल्ली में जाकर यूपीएससी की ली कोचिंग



अंकित के साथ आये उनके माता एवं पिता ने बताया कि अंकित शुरू से ही मेधावी रहा है। बीआईटी रायपुर से बीई सिविल की परीक्षा पास करने के पश्चात 2017-18 में दिल्ली में जाकर यूपीएससी की कोचिंग शुरू की। तत्पश्चात कोरोना काल के बाद घर वापसी कर घर में रहकर आगे की पढ़ाई जारी रखी। अंकित ने अपने 6 प्रयासों में चार बार इंटरव्यू में भी शामिल हो चुके है। अपने पांचवे प्रयास में 2 नम्बर से पोस्टिंग पाने से चूक गये थे। फिर भी परीक्षा पास करने की जूनून और लगन ने आखिरी प्रयास में सफलता दिला ही दी। सम्मान कार्यक्रम में डीएफओ श्री लक्ष्मण सिंह ने भी अंकित की मेहनत की खूब प्रशंसा की। उन्होंने जिले के युवाओं को भी अंकित से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, प्रकाश राजपूत, एसडीएम राजिम सहित अंकित के परिजन मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष...

### राजस्व-वन विभाग...

भी बेमानी है। इन बेबस रहवासियों ने नगर पंचायत से लेकर तहसील तक अधिकारियों की चौखट पर गुहार लगाई। लेकिन इन लोगों की समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अधिकारी पट्टा नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं, अगर पट्टा नहीं है इन परिवार वालों के लिए शासन द्वारा कुछ अलग से व्यवस्था कर आवास योजना का लाभ दिया जाना चाहिए।हर साल आने वाली आवास योजना इन लोगों के लिए बेमानी साबित हो रही है। कहने के लिए तमाम योजनाएं हैं पर एक आवास नहीं मिल पा रहा है। चुनाव के पूर्व जनप्रतिनिधि नागरिको को पट्टा एवं आवास दिलाने का वादा कर चुनाव जीत जाते हैं फिर जीतने के बाद कोई इनकी सुध नहीं लेता। शासन द्वारा हर बार लगाए जाने वाले समस्या समाधान शिविर में भी कोई निराकरण नहीं होता। इस बार भी नगर वासियों को सुशासन तिहार के शिविर से अपनी समस्या के समाधान का भरोसा है आवेदन देने और समस्या के समाधान ना होने से नगरवासी परेशान हैं।

### लिकेश और हितेश...

आतिशबाजी करते हुए उनकी आरती उतारी फूल माला पहनाया और गुलाल का टीका लगाकर शुभकामनाएं दी गई। पिता प्रमोद और उनका मित्र महेश साहू जवान लिकेश को रायपुर स्टेशन तक छोड़कर लौटे। देर शाम पिता प्रमोद बताया कि बेटे को देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया हूं। इसका मुझे काफी गर्व है हालांकि घर उनके बिना सूना-सूना लग रहा है। मां के आंखो से आंसु निकल रही है लेकिन मां भी गर्व से कहती है कि मेरे कोख से पैदा हुआ बेटा देश सेवा में गया है। वे आस पड़ोस के महिलाओं को भी गर्व से बता रही है। ईधर राजिम शहर के अहिल्या-अशोक यादव के बेटे हितेश यादव भी अग्निवीर की ट्रेनिंग के लिए बेंगलौर रवाना हुए। बता दें कि हितेश की स्कूली शिक्षा राजिम से हुई है।

### पंचायत सेम्हरतरा

ग्रहण के पश्चात ग्राम भ्रमण के अंतर्गत पहली बार आदर्श ग्राम सेम्हरतरा का दौरा किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ मरकाम, एडिशनल सीईओ गरियाबंद, ब्लॉक सीईओ स्वप्निल, तथा राजिम एवं फिंगेश्वर के तहसीलदार समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने आवास सर्वे, एक देश-एक चुनाव एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और ग्रामवासियों को जन-जागरूकता की शपथ दिलाई। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम सरपंच हरीश साहू ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष के साथ-साथ ग्राम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों का सराहनीय सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### यूपीएससी में चयनित अंकित के घर पहुंचे विधायक, दी शुभकामनाएं

**राजिम।** संघ लोक आयोग के घोषित परिणाम में छग के प्रयागराज धर्मनगरी राजिम के होनहार युवा अंकित थवानी का भी चयन हुआ है। वे नगर के मुरली मनोहर थवानी एवं पूर्व पार्षद कमला थवानी के पुत्र हैं। उन्हें इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उन्हें 273 वीं रैंक प्राप्त हुई है। उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त कर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने घर पहुंच उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह उनकी यह सफलता राजिम नगर को गौरवान्वित करने वाली है। उन्होंने शासकीय सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है। यह राजिम नगर के लिए गर्व की बात है कि यहां के युवा ने संघ लोकसेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर राजिम नगर सहित जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवक के रूप में अंकित थवानी जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वे राष्ट्र सेवा के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करेंगे। यह सफलता उनके अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल है। उनकी इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव भी मौजूद रहे।

### पूजन कार्यक्रम के बाद किसानों को वितरित किए गए बीज



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्त वनांचल क्षेत्र के ग्राम करलाझर नागेश में सुबह पूरे ग्रामवासी एवं झाकर,बैगा,पुजारी एवं ग्रामीण जन एक जगह एकत्र हुए और परम्परा अनुसार पूजा अर्चना किया गया और देवी देवताओं को अर्पित करने के पश्चात बीज वितरण किया गया। ऐसी मान्यता है कि माटी जात्र में पूजा अर्चना के बाद ही किसान खेती किसानी का कार्य प्रारंभ करते है इसके लिए आज सभी किसान देव स्थल में एकत्र हुए और परम्परा अनुसार पूजा अर्चना किए बीज वितरण किया गया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान अर्जुन सिंह नायक,शेरू राम नाग,बैजनाथ नेताम,चन्द्रभान सोरी,पुनीतराम नाग,पवन सिंह पटेल,सहदेव नाग,अशोक नेताम,जेठूराम नेताम व क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

**समस्या :** रोका छेका अभियान बंद, रात में सड़क दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

# नेशनल हाईवे 130-सी में मवेशियों का जमावड़ा बना हादसों की वजह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

कांग्रेस सरकार ने सड़कों पर मवेशियों न जाएं इसलिए रोका रोका छेका अभियान चलाया गया था जिसके तहत मवेशियों को सड़क से हटाया जाता था लेकिन अब सरकार का रोका छेका अभियान फेल साबित हो गया है। भाजपा सरकार को सत्ता में बैठे डेढ़साल हो गए परंतु इस समस्या के निदान के लिए आज तक कोई बड़ी पहल नहीं हो पाई और न ही इस समस्या के निदान के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है रात व दिन में राष्ट्रीय राजमार्ग 130– सी में जहाँ चाहे वहाँ पर मवेशी नजर आ जाते है और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है चालकों की मानें तो सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कांग्रेस सरकार का रोका छेका अभियान को चलाया, परंतु इस पर गंभीरता से काम नहीं होने के कारण यह अभियान पूरी तरह से मैनपुर क्षेत्र में अब फेल हो गया सरकार के जाते ही कागजों में चल रहा रोका छेका अभियान के कागज भी गायब हो गए। भाजपा सरकार को सत्ता में बैठे डेढ़ साल हो गए, परंतु सड़को पर बैठने वाले मवेशी व अन्य जानवरों को हटाने के लिए कोई रणनीति नहीं बना पाई रात को सड़को पर जानवरों की संख्या ज्यादा रहती है वहीं इस मार्ग में चलने वाले भारी वाहन के चालक परेशान होते है, कई बार वाहन चालक वाहनों को रोककर सड़क के मध्य में बैठने वाले जानवरों को हटाने के लिए मजबूर होते है, यह –श्य रात को प्रतिदिन देखने को मिल जाएगा। इस समस्या के निदान के लिए सरकार के साथ–साथ कोई वर्ग सामने नहीं आ रहा है। पशु मालिकों की लापरवाही के चलते यह सब हो रहा है, उन पर किसी भी तरह की जिम्मेदारी आज तक तय नहीं की जा सकी और उसी का परिणाम रहा कि यह अव्यवस्था आज तक बनी हुई है।

मैनपुर नगर सहित नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग गरियाबंद मार्ग में खुले में घुम रहे मवेशियों के चलते लगातार दुर्घटनाए बढ़ रही है और तो और एक ओर जहां मवेशियों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। वहीं दूसरी ओर मवेशी भी वाहनों के चपेट में आने से काल के गाल में समा जा रहे है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के तरफ शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गुरूवार को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत मैनपुर के सामने दो मवेशी आपस में लड़ते सड़क पर दौड़ दिए जिससे मोटर सायकल में सवार दो लोग गिरकर घायल हो गए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। ऐसे आये दिनो लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं मवेशी भी दुर्घटना के शिकार हो रहे है।



### खुले में घुमंतू रहे मवेशियों को सुरक्षित करने कोई योजना नहीं

कई मवेशी मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को घर में सुरक्षित नहीं रखते और छोड़ देते हैं। ऐसे पालतु मवेशी आए दिनों सड़क दुघटना के शिकार हो रहे हैं मवेशियों को सुरक्षित रखने अब तक कोई योजना दिखाई नहीं दे रहा है और तो और सड़क सुरक्षा के नाम पर कभी कभी मवेशियों को सड़क से खदेड़ा जाता है। ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस कागजों में संचालित हो रहा है जबकि मवेशियों के लिए भोजन पानी चारा की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

### पशु पालक मवेशियों को खुले में छोड़ रहे

नगर व क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया मवेशी घुले में घुम रहे है मवेशी मालिकों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण जहां एक ओर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं वहीं मवेशी भी दुर्घटना के शिकार होते जा रहे है रात और शाम के समय मैनपुर नगर सहित नेशनल हाईवे में जगह - जगह मवेशियों का जमघट लगा रहता है और यह दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीण अंचल में आज हालात यह है कि गौठान सुनसान पडे हैं और पशु पालक अपने मवेशियों को खुले में चरने के लिए छोड़ रहे है, क्षेत्र मे कई स्थानों पर लाखों रुपए फुंककर गौठान बनाए गए है पिछले दिनों मैनपुर से 03 कि.मी. दूर गौरघाट के पास अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से 06 मवेशियों की मौत हो गई थी और वाहन चालक फरार हो गया आज तक मवेशी पालको को मुआवजा नहीं मिला। इन दिनों नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर नगर मे व गौरघाट, धवलपुर, नवागढ़ तथा झरियाबाहरा के पास सड़क मे 24 घंटे मवेशियो का झुंड देखा जा सकता है रात को यह मवेशी सड़क मे बैठा रहता है जिससे भारी वाहनों व वाहन चालकों के साथ हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है।

# मंजिल तक पहुंचाने का सरल मार्ग समय का सदुपयोग : सूरज भारती



### पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा संकुल परसदाकला विकासखण्ड फिंगेश्वर में अध्ययनरत छात्रें को कक्षा चौथी के छात्र,शाला प्रबंधन विकास समिति पतोरा एवं सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा के द्वारा विदाई सम्मान दिया गया।

समिति एवं उपस्थित सदस्यों के द्वारा कक्षा पांचवीं में अध्यनरत सभी छात्रें के माथे तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए सरपंच सूरज भारती ने कहा प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चे गिली मिट्टी की तरह होते हैं। हम उन्हें जिस रूप में ढालना चाहे वैसा ढाल सकते हैं। छोटे–छोटे बच्चों को शिक्षा प्रदान करना मानो एक शिक्षक के लिए किसी चुनौती से कम नही है। मैं भी इसी स्कूल में पांच साल शिक्षा ग्रहण किया। मेरे अपने गुरूजी से काफी कुछ सीखने को मिला।सभी छात्र–छात्राओं से मैं यही कहना चाहूंगा यहां से निकलकर जिस भी विद्यालय में पढ़ने जाओं वहां मन लगाकर पढ़ाई करना। समय का सदुपयोग सही दिशा में करना। यदि आप ऐसा करने में सफल होते हो तो तुम्हें तुम्हारे मंजिल तक पहुंचने से कोई नही रोक सकता। इसलिए अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। पांचवीं में अध्यनरत सभी छात्रें को पेन कापी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक थानू राम निषाद ने किया ।

पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में घनश्याम बघेल प्रधानपाठक प्राथमिक शाला पतोरा,चन्द्र प्रकाश साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पतोरा,अंजू कंवर,सोनिया सोनवानी,सरिता सोनवानी शिक्षक परमेश्वर यादव के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सिरजन लोक कलाकार गरियाबंद व धमतरी ने किया सरपंच को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर



छत्तीसगढी लोक कला संस्कृति परम्परा भाषा बोली पहनावा और कलाकारों के उत्थान ध्कल्याण केके दिशा में अनवरत 10 वर्षों से संचालित संगठन सिरजन द्वारा इस महीने का मासिक बैठक ग्राम फुलझर में रखा गया। इस महत्ती बैठक में गरियाबंद और धमतरी जिले के कलाकार और पदाधिकारीयों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध दैवीय और पर्यटन स्थल घटारानी के अध्यक्ष फुलझर निवासी संतोष दीवान को नवनिर्वाचित सरपंच बनने और अधिक मतों से जीत हासिल करने पर कलाकारों ने बधाई देते हुए शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर एक दूसरे से गुलाल लगाकर स्वागत और सम्मान का क्रम जारी रहा। वहीं बैठक में मासिक शुल्क जमा कर वयोवृद्ध और जरुरत मंद कलाकारों के कल्याण निमित आन लाईन चिन्हानी पंजीयन और कलाकार पेंशन के लिए विस्तृत चर्चा किए। इस बैठक में सेवा निवृत करारोपण अधिकारी और संगठन के संरक्षक नूतन लाल साहू, सिरजन के जिला संस्थापक गौकरण मानिकपुरी, अध्यक्ष सेवक राम ठाकुर, उपाध्यक्ष गंगा बाई मानिकपुरी,सचिव यश कुमार साहू कोषाध्यक्ष चैतुराम तारक,ब्लाक ईकाई गरियाबंद प्रमुख गिरवर ध्रुव, फिन्गेश्वर ईकाई प्रमुख तुलेश्वर घृतलहरे सलाहकार बुधारु यादव, ठाकुर राम साहू, संयोजक बाबूलाल साहू, जयसिंग दीवान सहित सरपंच मानिक राम कंवर, रुक्मणी दीवान,समुन्दा बाई सिन्हा,लीला बाई कंवर,रजमत बाई, कुमार ध्रुव, हेमलाल साहू, महेश निर्मल कर मुनेश मानिकपुरी,टीकम दास,विरम बाई,महेश्वरी सिन्हा,भोज बाई धुरव,देव कुंवर ध्रुव, भुनेश्वर, दिनेश्वरी, तीज बाई, श्याम बाई, हुति बाई, पोखन कंवर, विवेक निर्मलकर, गणेश राम ध्रुव, रूप दास मानिकपुरी, विष्णु विश्वकर्मा बृजलाल सिन्हा, भागवत सेन, नंदकुमार ध्रुव, विजय कुमार पटेल, दशरथ तारक, श्याम लाल ध्रुव, भादु दास मानिकपुरी, नथेल दास मानिकपुरी सहित पंथी पण्डवानी, सुआ नृत्य, नाचा भरथरी, लोक कला, डण्डा गीत, फाग गीत आदि विधाओं की सराहनीय उपस्थिति रही।

### रानीपरतेवा में लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विदित है कि ग्राम रानीपरतेवा में ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत पर किसानों की मांग पर तत्काल एक्शन लेते हुए पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य ने विधुत विभाग के जेई विनय बाग से तत्काल नए 63 केवी के ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए निर्देशित किया जिसमें विभाग द्वारा तत्काल ट्रांसफार्मर ग्राम रानीपरतेवा में लगाया गया जिसमें ग्राम के सोमन यदू अध्यक्ष ग्रामीण ,मुकेश साहू ,लीमन यदू ,बरातू मरकाम, देट मरकाम, चितवन ध्रुव, हीरालाल ध्रुव, कन्हैया साहू,भरोषा साहू,गोकुल निर्मलकर, संतोष निषाद जी लाइन मिस्त्री ने पंकज निर्मलकर का आभार व्यक्त किया।



### जमाही में त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान हवन के साथ संपन्न

# राम की कृपा से भक्ति और श्रद्धा में होती है वृद्धि : रामजी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

त्रिदिवसीय रामचरितमानस संगीत मय का कार्यक्रम आयोजन ग्राम जमाही में 22 से 24 अप्रेल तक किया गया । इस कार्यक्रम में रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंग श्लोकों को संगीतमय रूप से 18 मानस मंडली ने प्रस्तुत किया गया । आयोजन का मुख्य सुत्र धार शिव शम्भू महिला मंडली जमाही अध्यक्ष उमा, सचिव अनुसुईया, सीमा, भूनेश्वरी ,निलम, नंदनी झामिन, डागेश्वरी द्रोपती, बसंता, खोमिन की सहयोग मे अहम भूमिका है। इस आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास गांव सहित दूर-दूर से भी लोग शामिल हुए थे। जमाही कार्यक्रम में रामचरितमानस के प्रति लोगों की श्रद्धा और भक्ति सिर चढ़ कर बोल रहा था। संध्या वंदन आरती में पूरा गांव परिवार सहित उमड़ पड़ा। गांव अयोध्या जैसा लग रहा था, सुबह शाम सभी घर के सामने दीपक रंगोली सजाई गई थी। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालक व उद्घोषक शिक्षक आशाकांत रजक थे। जिन्होंने दर्शक और मंडली के बीच बीच में ऐसा काव्यपाठ पढे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। सेवानिवृत्त उपसंचालक रामजी सिन्हा छुईहा दुर्ग वाले ने कहा की राम गुणगान का व्याख्यान भक्तों को भगवान राम से जोड़ता है, जिससे उनकी भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है। यह उन्हें राम के आदर्शों और मूल्यों से प्रेरित करता है। मंचस्थ मानस मंडली के व्याख्याकार ने इस भाव के साथ राम के गुणों का गुणगान या व्याख्यान की। कहा राम भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, यह राम के जीवन, गुणों और शिक्षाओं का वर्णन है, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है और उनके मन में भक्ति का भाव जागता है।और उनके आदर्शों का जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देती है।

### इन्होने दी प्रस्तुति

मंगलवार को क्षीर मानस परिवार जमाही, लवन्या मानस परिवार जमाही, कर्पूरम मानस परिवार कोपरा, राम मानस परिवार भलेसर, बुधवार स्थानीय मानस मंडली जमाही, भूमिजा महिला मानस मंडली, अंजनेय मानस मंडली बागबाहरा, स्वतः सुखाय मानस मंडली छुइहा, प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद, अर्चना महिला मानस मंडली बड़ी करेली, जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा, गुरूवार स्थानीय मानस मंडली, गोपेश्वर बालसखा बिहाझर बागबाहरा, श्री राम मानस परिवार मोतिमपुर महामाया मानस मंडली, पावन धरा मानस परिवार छुईहा, द्रोपती मानस परिवार अछोला, परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतरा आयोजन का समापन 24 अप्रेल को पुष्कर महाराज के द्वारा हवन पूजन का शांति पाठ किया गया। मंडली संयोजक मनेश्वर ध्रव,महेश ध्रव, विरेन्द्र ध्रव समारू, राजेन्द्र, कुमार, परमेश्वर,मदन, खेलावन, श्रवण,पिताम्बर, ग्राम वासी जमाही की उपस्थिति एंव कार्यक्रम संचालित करने में तैयारी, व्यवस्था में सहयोग रहा है।

# रसेला पहुंची गौ जन जागरण यात्रा, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला




गौ सेवा आयोग के दिशा निर्देशन और अध्यक्ष विशेषर पटेल के मार्गदर्शन में गौ जन जागरण यात्रा खरखरा, विजयपुर, सिवनी, पेंड्रा, कामराज, हीराबत्तर होते हुए रसेला पहुंचकर गोष्ठी आयोजित कर गौशाला समिति के सचिव शीतल ध्रुव ने गौपालन संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आज के दौर में गायों को पालने और खिलाने पिलाने की परंपरा में लगातार कमी आ रही है। कभी हमारा देश पशुपालन में अग्रणी रहा है। क्षेत्र वासियों की काफी जरूरतों को यही गौधन ही पूरा किया करता था। गाय से बछड़ा, बछड़ा से बैल, बैल से खेती की जरूरतें पूरी होती है। कृषि के लिए गाय का गोबर आज भी वरदान माना गया है। फिर भी गौपालन, गौ संरक्षण आदि महत्वपूर्ण क्यों नहीं है। यह एक विचारणीय प्रश्न है। महराज अंजनी शरणं ने कहा कि गाय को गोमाता के रूप में मानना भी अत्यंत वैज्ञानिक है। मां के दूध के बाद सबसे पौष्टिक आहार देसी गाय का दूध ही है। इसमें जीव के लिए उपयोगी ऐसे संजीवन तत्व है कि इसका सेवन सभी विकारों को दूर रखता है। विजयपुर के निवासी तिहार सिंग, चिंताराम सिन्हा , सिवनी से प्रीतम, पेंड्रा से मनीराम ने कहा कि आज भारत वर्ष में ही करोड़ों लोग सुबह शाम देवालयों में माथा टेककर भगवान से मनोकामनाएं मांगते हैं, पर इन में से लाखों लोगों को यह भी मालूम नहीं है कि जिस देवता से वे याचना कर रहे हैं उन्हें कुछ भी दे देने की शक्ति तभी आएगी जब हवन द्वारा अग्नि के मुख से देवताओं तक शुद्ध गौ घृत पहुंचेगा। पर जब गौवंश हीं नहीं रहेगा तो शुद्ध गौ घृत कहा से आएगा। आज हम लोग पेड़ लगा देते हैं, पानी खाद नहीं डालेंगे तो फल कहा से लगेंगे। जनपद सदस्य सहकारिता सभापति सुखराम ठाकुर, लोकराम यादव ग्राम पटेल, नंदकिशोर यादव, नंदू दास मानिकपुरी, धनीराम यादव, देवलाल बारिक, वेदव्यास निषाद, आदि लोगों ने कहा कि बीते चार पांच दशकों में क्षेत्र में खेती के लिए खाद के रूप में रासायनिक खादों का चलन काफी बढ़ा है, इससे फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी तो हुई है, लेकिन साथ ही कई तरह के दुष्प्रभाव भी अब सामने आ रहे हैं। इसके लिए हम सभी को हर घर-घर गाय पालन किया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री साय ने किया अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को होगी सहुलियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान गरियाबंद जिले के 50 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्र का संचालन शुरू हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखण्ड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हरतरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के कार्यक्रम में बिहार राज्य से शामिल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं राजधानी रायपुर से जुड़े मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला सतरीय कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। ग्राम सेम्हरतरा में आयोजित कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर भगवान सिंह उइके भी शामिल हुए। वीसी के माध्यम से कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी। प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, ग्राम सेम्हरतरा एवं आसपास गांव के सरपंच सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**जल संचय की दिशा में करना होगा कार्य-** जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने कहा कि जिले में डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं की पहुंच मजबूत करने अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। इससे गांव के लोगों को बैंक जाय बिना ही पंचायतों में ही बैकिंग सुविधाओं एवं आय, जाति प्रमाण पत्र निर्माण जैसे कार्यों की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भू जल स्तर में लगातार कमी हो रही है और जल संचयन के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जल संचयन की दिशा में आप सभी को गंभीरता के साथ कार्य करना है। वर्षा जल संचयन के साथ-साथ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाले समय में प्रदेश में पानी की कमी को दूर कर पाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों को ग्रामसभा में एक देख एक चुनाव के संकल्प को दोहराते हुए एक मत होकर इसके लिए आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बार-बार अलग-अलग अवधि में चुनाव होने से समय, धन एवं संसाधन की समस्या होती है। साथ ही विकास कार्य भी धीमी हो जाती है। इससे निजात पाने एक देश एक चुनाव देश में कारगर कदम साबित होगा।



## नाराजगी : विधायक ने कहा- किसान धैर्य रखें, फसल पकते तक पानी मिलेगा

# सिंचाई संकट को लेकर बेलर में किसानों का फूटा गुस्सा, अधिकारी को लिया घेर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

किसान फसल बचाने के लिए पानी की कमी के कारण बेलर क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। जल संसाधन विभाग की लापरवाही से नहरों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे किसानों की फसलें सूखने लगी हैं। ग्रामीणों ने विधायक सहित प्रशासन को सूचित किया है, लेकिन अभी तक नहर से पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसके चलते बुधवार को आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारी को सिचाई रेस्ट हाउस बेलर में एसडीओ फिगेंश्वर एस के चंदेल को घेराबंदी किया गया। संतोष चंदेल ने सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य अधिकारी कर्मचारी को जानकारी दी कि किसान दरवाजा बंद कर सिटकिनी चढा दिया है और सैकड़ों किसान हो हल्ला मचा रहे। सूचना होने पर एसडीओ पाण्डुका महेश पदोरिया, समय पाल नारद सिन्हा, आशा गुप्ता, होरी राम, पिलाचंद मांडलेय, विकास विकास साहू, श्रीराम सिन्हा, दूप्यंत निर्मलकर, हेमन्त साहू, बेलर सिंचाई रेस्ट हाउस पहुंच गए। इन लोगों ने पुलिस थाना फिगेंश्वर को घटना की जानकारी दी, सूचना पाते ही फौरन थाना प्रभारी फिगेंश्वर पवन वर्मा, एसआई सुरेश निषाद, परमानंद साहू ललीत नेताम, मनिषा पुरैं, बलराम चौरे दल बल के साथ बेलर पहुंच गए। तहसीलदार फिगेंश्वर डिम्पल ध्रव भी बेलर पहुंचे। पूरे घटनाक्रम जिला प्रशासन एवं एसपी कार्यलय गरियाबंद तक जानकारी दी गई। इतना पता चलते बेलर बोडकी के सैकड़ों किसान का आक्रोश और फूट पड़ा। विभाग के अधिकारी संतोष चंदेल, महेश कुमार पेदरिया से किसानों के साथ काफी तिखि नोक जोख हुई। सैकड़ों किसान अड़ गए कि जब तक खेत में पानी नहीं पहुंच जाता कोई अधिकारी नहीं जा सकता। हरिशंकर साहू, पिताम्वर यादव, भजन सेन, जीवराखन सिन्हा, शेषनारायण, घनश्याम ध्रव, गनपत, तुलस, मूलचंद, हेमलाल सिन्हा ने कहा की कड़ी मेहनत और लागत से फसल को इस स्थिति में खड़ा किए हैं। पानी के अभाव में धान का पौधा मुरझा गया है। रबी फसल नहीं काटेंगे तो समझो हमारी पुंजी खत्म है।



### फसल पकते तक पानी दें

23 अप्रेल को सिंचाई विभाग अधिकारी की घेराबंदी की जानकारी राजिम विधायक रोहित साहू दी, मामले को गंभीरता जानते, कलेक्टर, एसपी, सिंचाई विभाग से त्वरित बात की। सक्त निर्देश दिया कि किसानों के खेत में फसल पकते तक पानी सुलभ कराना पहली प्राथमिकता है। विधायक ने किसानों से अपिल किया कि शांति और धार्य बनाए रखे। एसडोओ पाण्डुका महेश पेदरिया ने कहा बेलर में रबी फसल धान में पानी की कमी है। शिकासेर जो पानी आ रहा 404 क्युशेष और तौरेगा जलाशय का पानी बेलर को दिया जा रहा है। आज रात तक पहूंच जायेगा। विभाग 24 घंटे निगरानी करेगा।

### देर शाम नहर में पानी का गेज 3 फीट से ऊपर बढ़ा

फिगेंश्वर एसडीओ संतोष चंदेल बेबस लाचार हो गए थे। उन्होंने किसानों के समक्ष हाथ खड़ा कर दिया, कहा की पानी देने में असमर्थ हूं। क्योकि पाण्डुका डिविजन से होकर फिगेंश्वर डिविजन पानी आता है। बताया गया कि फिगेश्वर प्रभार के अधिकारी संतोष चंदेल की बातों को गरियाबंद मुख्य कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन, पाण्डुका एसडीओ महेश पेदरिया किसानों की मांग को अहमियत नहीं देते थे, लिहाज फिगेश्वर डिविजन के बेलर तक पानी नहीं पहुंच पाता। मामला गंभीर होने पर पाण्डुका एसडीओ पेदरिया शिकाशेर जलाशय को कुगदा बियर और तौरेगा जलाशय से खोले गए पानी को बेलर तक पहुंचाने लगातार प्रयास करते रहे। किसानों को विश्वास दिलाने स्पीकर चालु कर बात किया, पानी का फोटो दिखाया गया। देर शाम नहर में पानी का गेज 3 फीट से उपर बढा तो अधिकारी ने राहत की सांस ली। तब बेलर किसानों को संतुष्टि मिली। तब बेलर रेस्ट हाउस में सुबह 8 बजे से अधिकारी बैठे थे और वहीं किसान पहूंचे थे। किसान संतुष्ट होने पर 5 बजे रेस्ट हाउस छोडे तब अधिकारी, पुलिस टीम की रवानगी हूई। वहीं किसान ने सक्त लहजे में कहा है पानी कि आंख मिचौली हूई तो बड़ी आन्दोलन होगी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय वेटर्न एथलेटिक्स स्पर्धा में हरीश ने जीते तीन मैडल

**पाण्डुका।** मैसूर में 21 से 23 अप्रैल तक 44 वां राष्ट्रीय वेटर्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन में देश भर से 2500 खिलाड़ी आए हुए थे। छत्तीसगढ़ राज्य से 42 प्रतिभागियों ने राज्य मास्टर एथलेटिक्स संघ के महासचिव नबी मोहम्मद के नेतृत्व में इसमें भाग लिए गरियाबंद जिला से 12 प्रतिभागियों ने भाग लिए। पाण्डुका से हरिश्चंद्र निषाद ने भी 55 प्लस आयु वर्ग में भाग लिया और इस प्रतियोगिता में पदक जीतकर हरीश ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 10000 मीटर दौड़ में रजत पदक और 5000 मीटर दौड़ में काँस्य पदक जीते। हरिश्चन्द्र निषाद जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा में स्पोर्ट्स टीचर हैं। हरीश के इस उपलब्धि पर गरियाबंद पीटीआई संघ, एथलेटिक्स संघ, संस्था के प्राचार्य एमआर रात्रे, और स्टाफ, मित्रगणों ने हरीश को बधाई दिए।

### कश्मीर में आतंकी हमला पाकिस्तान प्रायोजित भारत जवाब देगा : रोहित

**राजिम।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सब तरफ आक्रोश देखा जा रहा है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने इस हमले को पाकिस्तान प्रायोजित षड्यंत्र बताया। उन्होंने आतंकियों की इस करतूत को कायराना हरकत बताते हुए कहा कि यह हमला भारत की



ताकत को कमतर आंकने की नाकाम कोशिश है। हमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर पूरा भरोसा है, भारत इसका करारा जवाब देगा। विधायक श्री साहू ने इस पूरे हमले को सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए कहा कि जल्द ही पाकिस्तान वैश्विक अलगाव की स्थिति में पहुंच जाएगा। भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि जो कुछ कश्मीर में हुआ, वह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि जिहाद की रणनीति का हिस्सा है, जो देश को बांटने और कश्मीर की शांति को भंग करने का प्रयास है। कहा कि यह वही साजिश है जो पहले पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में देखी गई थी, लेकिन यह मोदी का भारत है, हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा तत्काल अटारी चेक पोस्ट बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा समाप्त करने, सिंधु जल समझौता रद्द करने जैसे तात्कालिक निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया कहा कि इस घटना के बाद हमारी संवेदनाएं मृतक परिवार के साथ है। इस आतंकी हमले में देश एकजुटता के साथ सरकार के साथ खड़ी है।

### टोनहीडबरी में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रसेला।** पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर 22 अप्रैल को युवा समिति ग्राम टोनहीडबरी की ओर से गांव- गली में साफ सफाई किया गया। जिसमें युवा समिति के संरक्षक ऋषभ ध्रुव, अध्यक्ष पुरण ठाकुर, उपाध्यक्ष चम्पेश्वर ध्रुव, सचिव दाऊलाल निषाद, सह सचिव परस ध्रुव, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार ध्रुव, सदस्य दिलेश नेताम, उगेश, थनेश, तिलेस्वर, गीतेश, मानिक, भूपेंद्र, शिवा, नीलकमल, युगेश सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### हेमंत 87 प्रतिशत पाकर कक्षा नवमी में रहे प्रथम

**बसना।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल बसना का हिंदी माध्यम संकाय के नवमी कक्षा का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 115 छात्रों में से बंसुला ग्राम निवासी रूपानंद साव एवं कुंजलता साव (मोहिनी) के अनुज पुत्र होनहार विद्यार्थी हेमंत कुमार साव ने कक्षा नवमी में सबसे अधिक 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## गांव-गांव जाकर किया गाय के महत्व का जागरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

गौ सेवा आयोग के निर्देश में अध्यक्ष विशेषर पटेल के मार्गदर्शन में गो जन जागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया है जो गांव-गांव पहुंचकर गाय के महत्व पर प्रकाश डालेंगे और लोगों को गोबर, गोमूत्र से बनने वाली दवाई और वर्तमान समय में गाय की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखेंगे एवं गांव-गांव में संगोष्ठी एवं गो उत्पादन के पंपलेट वितरण करेंगे। इस अवसर पर गौशाला समिति के सचिव शीतल ध्रुव ने जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर को डायरी एवं गो उत्पादन के पाम्पलेट प्रदान किया, इस गो जन जागरण यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत के कृषि सभापति लेखराज धुर्वा, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर एवं जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी, पशु चिकित्सा केपी शर्मा ,सरपंच हेमलाल नेताम,सोमन यदु, जनपद के कंचन देवांगन, दुलारी बाई साहू, युवराज साहू, महेंद्र कुमार ध्रुव, पंकज निर्मलकर, उत्तरा बाईपटेल भेशमती साहू, विष्णु राम नागेश ,संतोषी ध्रुव, नारायण सिंहा, मुंगेश्वरी ठाकुर, पार्वती ध्रुव, मिलनतींन कुंजाम,सुखराम ठाकुर, विमला नागेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अशोक पटेल, प्रीतम धुव, गोपाल धुव सहित जनप्रतिनिधि की उपस्थित थे।

# जनपद की बैठक में पेयजल, आंगनबाड़ी व क्रेडा विभाग को लेकर जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर सभाकक्ष में आज जनपद सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।
जनपद पंचायत चुनाव के बाद यह पहली बैठक काफी हंगामेदार रहा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांव- गांव में लगाए गए क्रेडा विभाग के पानी टंकी से पानी नहीं आने के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों को लेकर मामला उठाया जिस पर पीएचई विभाग के अधिकारी संतुष्टजनक जवाब नहीं दे पाया, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था ठीक ठाक करने का निर्देश दिया है, साथ ही क्रेडा विभाग की जमकर शिकायत किया गया। इस दौरान अधूरे आंगनबाडी भवन को लेकर भी मामला उठा साथ ही कई निर्माण कार्यो को लेकर चर्चा किया गया। जनपद सदस्य सुखचन्द्र ध्रुव ने मुक्तांजली वाहन में शव लाने पर पैसा मांगने की गंभीर आरोप लगाया साथ ही इस मामले की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर से करने की बात कही। वहीं रक्शापथरा में आंगनबाडी खोलने की मांग किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, विधायक प्रतिनिधि श्री गेंदु यादव, जमुना नेगी, प्रताप सिंह मरकाम, कुमारी पटेल, सुखचन्द्र ध्रुव, रमुला मरकाम, फुलचंद मरकाम, सुर्यकांत नागेश, किशोर मांझी, अभीराम ध्रुव, परमेश्वर जैन, निर्भय सिंह ठाकुर, चैनसिंह ध्रुव, चंदनलाल ज्ञानचंदानी, सुनिता यादव, वृन्दा नागेश उपस्थित थे।



### जनपद पंचायत में समितियों का गठन

जनपद पंचायत मैनपुर में स्थाई समितियों के सभापति एंव सचिव निम्नानुसार है सामान्य प्रशासन समिति सभापति मोहना नेताम, सचिव श्वेता वर्मा, कृषि समिति सभापति निर्भय सिंह ठाकुर, सचिव कृषि विस्तार अधिकारी, शिक्षा समिति सभापति नंदकुमारी राजपूत, सचिव महेश पटेल, संचार तथा सत्कर्म समिति सभापति चंदनलाल ज्ञानचंदानी, सहकारी एवं उद्योग सभापति सुभाशचन्द्र यादव, स्वास्थ्य महिला एवं बाल कल्याण समिति सभापति सुनिता यादव, वन समिति सभापति परमेश्वर जैन, सचिव राजेन्द्र कुमार सोरी एवं स्वच्छता समिति तपेश्वर राजपूत एवं सचिव जागेश्वर मरकाम को नियुक्त किया गया है।

# पेंशनर्स महासंघ की बैठक में लखनलाल बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की गरियाबंद जिला स्तरीय बैठक गुरुवार 24 अप्रैल को पुराने कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ पेंशनरों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री पूरनसिंह पटेल मुख्य अतिथि और प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर की गई। पेंशनरों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लखनलाल साहू को सर्वसम्मति से गरियाबंद जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ-साथ पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर रणनीति बनाई गई।



### 5 प्रतिशत महंगाई राहत की मांग

बैठक में राज्य सरकार से केंद्र के समान एरियर सहित 5% महंगाई राहत तत्काल देने की मांग की गई। साथ ही, वरिष्ठ पेंशनरों को 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन, दैनिक वेतनभोगियों की पूरी सेवा को पेंशन गणना में शामिल करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा, आयकर से छूट, और रेल व बस यात्रा में छूट जैसी सुविधाओं को फिर से लागू करने की भी मांग की गई। बैठक के बाद शिक्षा विभाग से तेजेश कुमार शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से छबि सिंह तथा जल संसाधन विभाग से रामराज पटेल ने महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, संगठन मंत्री टीपी सिंह, दैनिक वेतनभोगी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल पाठक सहित अनेक पेंशनर उपस्थित थे।

# अपनी जान पर खेलकर दादा ने तेंदुआ से बचाई पोते की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

■ कलेक्टर ने उनकी बहादुरी एवं साहस को किया सलाम, किया सम्मानित

अंतर्गत ग्राम कोठीगांव के रहने वाले बुजुर्ग दर्शन नेताम ने साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी जान पर खेलकर 4 वर्षीय पोते प्रदीप नेताम को तेंदुआ के जबड़े से छुड़ाया। आंगन में खेल रहे बालक प्रदीप को जरा भी एहसास नहीं था कि तेंदूआ उन पर हमला कर उन्हें ले जायेगा। बालक पर झपट्टा मारकर जंगल की ओर ले जाते हुए तेंदूआ को जैसे ही प्रदीप के दादा ने देखा उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए तेंदूए की ओर दौड़ लगाई। अधिक दूरी पर नहीं गये तेंदूए के पीठ पर कूदकर उन्होंने अपने पोते को उनके जबड़े से छुड़ाया। तत्पश्चात तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। इसमें बालक प्रदीप को तेंदूए के पंजे के हमले से हल्की चोट आई, लेकिन जान बच गई। बुजुर्ग दर्शन सिंह के वीरता भरे कार्य से खुशी जताते हुए कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आज उन्हें कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएफओ लक्ष्मण सिंह की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने बुजुर्ग दर्शन नेताम के साथ आये उनके पोते बालक प्रदीप का स्वास्थ्यगत हालचाल जाना एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने बुजुर्ग दर्शन नेताम के हौसले एवं जज्बे को सलाम करते हुए अपने पोते की जान बचाने एवं उन्हें नई जीवन प्रदान करने उनकी खूब प्रशंसा की। साथ ही जंगलों के नजदीक रहने वाले ग्रामीणों से जंगली जानवरों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बिना सुरक्षा साधनों एवं अंधेरों में जंगलों में न जाये। कहीं भी रहवासी इलाकों में जंगली जानवरों के दिखाई दिने पर तत्काल वन विभाग के अमलों को सूचित करे। इस दौरान डीएफओ श्री लक्ष्मण सिंह ने भी बुजुर्ग दर्शन नेताम के वीरता की प्रशंसा करते हुए जंगली जानवरों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की।



### आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं को नपं राजिम ने दी श्रद्धांजलि

**राजिम।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा चुन-चुनकर हिंदुओं की निर्मम हत्या किए जाने पर पूरे शहर सहित क्षेत्र में काफी आक्रोश का वातावरण व्याप्त है। नगर पंचायत राजिम में अध्यक्ष महेश यादव की मौजूदगी में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें सभापति आकाश राजपूत, तुषार कदम, कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव मौजूद थे।






